दिनांक : 12.06.2024 समय : 07.10 pm

आकाशवाणी भोपाल

मुख्य समाचार :–

- 18वीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से, सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों की शपथ और अध्यक्ष का होगा चुनाव।
- जलगंगा संवर्धन अभियान के तहत प्रदेष में जल संरचनाओं के जीर्णोद्धार के कार्यक्रम जारी।
- कल से प्रदेष को मिलेगी, पीएमश्री पर्यटन वायुसेवा की सौगात।
- प्रदेष में कई स्थानों पर मानसून पूर्व की वर्षा, 12 जिलों के लिए आरेंज अलर्ट जारी।

.........

संसद सत्र

अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र इस महीने की 24 तारीख से शुरू होगा। इस सत्र में नवनिर्वाचित सदस्यों को शपथ दिलाई जायेगी और लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव किया जायेगा। राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू संसद के दोनों सदनों को सम्बोधित करेंगी और उनके अभिभाषण पर चर्चा होगी। जबकि राज्यसभा का सत्र भी इस महीने की 27 तारीख को शुरू होगा। संसद सत्र अगले महीने की 3 तारीख को समाप्त होगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में यह जानकारी दी। श्री किरेन रिजिजू ने कहा देश की जनता निर्णय ले चुकी है और अब देश की सेवा के लिए कार्य करना हमारा कर्तव्य है। श्री रिजिजू ने कहा कि एक सौ चालीस करोड भारतीयों की आकांक्षाओं को पूरा करने और चर्चा के लिए संसद एक आदर्श मंच है।

जल गंगा संवर्धन अभियान

जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आज सीहोर जिले की इछावर जनपद पंचायत के ग्राम कांकरखेड़ा में श्रमदान कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2006 में प्रदेश की सिंचाई का रकबा सात लाख हेक्टेयर था, जो बढ़कर आज 47 लाख हेक्टेयर हो गया है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 में खेती का रकबा 65 लाख हेक्टेयर करने का लक्ष्य है। सीहोर जिले में ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आष्टा के ग्राम गोविंदपुरा, सिद्दीकगंज में अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये श्री पटेल ने कहा की पार्वती नदी के किनारे हर एक व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिये। खंडवा में जल गंगा संवर्धन अभियान के आठवें दिन आज महापौर समेत समस्त अधिकारी कर्मचारीगण टैंपल टैंक पहुंचे। सियाड़ा से आकर आमना नदी में मिलने वाले इस नाले से गाद और कचरा निकलने के लिए श्रमदान किया गया। एक अन्य कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल ने देवास जिले के बागली के जटाशंकर में आयोजित सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

ओडिसा–मुख्यमंत्री

ओडिसा में मोहन चरण माझी ने आज भुवनेश्वर में प्रदेष के नये मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। श्री माझी के साथ दो उपमुख्यमंत्री कनक वर्धन सिंह देव और पार्वती परिदा ने भी शपथ ली। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित अन्य कई प्रदेषों के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय मंत्री उपस्थित थे।

नए आपराधिक कानून

एक जुलाई से देश में तीन नए आपराधिक कानून लागू होने जा रहे हैं। इन कानूनों के बारे में प्रदेश में लगातार प्रशिक्षण देकर पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को जानकारी दी जा रही है। बैतूल में प्रषिक्षु एसआई राजेष गहलोद ने आकाशवाणी को बताया कि इस ट्रेनिंग में नए कानूनों और विभिन्न धाराओं की जानकारी दी जा रही है।

राजेश गहलोद, प्रषिक्षु एसआई बैतूल

स्वास्थ्य मंत्रालय पद

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने मंत्रिपरिषद द्वारा अनुमोदित 46 हज़ार 491 विभागीय पदों और 607 विशेषज्ञ चिकित्सकीय पदों की पूर्ति के लिए समस्त औपचारिकताएँ प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश दिये। वे आज भोपाल में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग के विभिन्न विषयों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने हमीदिया कैथ लैब शिफ्टिंग में हो रहे विलंब पर नाराजी व्यक्त करते हुए 1 माह के अंदर शिफ्टिंग की कार्रवाई पूर्ण करने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने स्वीकृत भवन–विहीन 1 हज़ार 770 स्वास्थ्य अधोसंरचनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा की। इनमें उप स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि के निर्माण कार्य शामिल हैं। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये कि अधोसंरचना विकास के साथ उपकरण, मैनपॉवर आदि की उपलब्धता भी समय–सीमा में की जाये इससे शीघ्र स्वास्थ्य सेवाओं का प्रदाय प्रारंभ हो सके।

पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा

राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से प्रदेश में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा आरंभ की जा रही है। कल सुबह भोपाल एयरपोर्ट पर इसका संचालन प्रारंभ होगा इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव उपस्थित रहेगे। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा का संचालन मध्यप्रदेश टूरिज्म द्वारा मेसर्स जेट सर्व एविएशन प्राइवेट लिमिटेड के साथ पीपीपी मोड पर किया जा रहा है। इसके माध्यम से प्रदेश के आठ शहरों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, रीवा, उज्जैन, ग्वालियर, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई सेवा के माध्यम से जोड़ा जाएगा। पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा की पहली फ्लाइट भोपाल, जबलपुर, रीवा, सिंगरौली की होगी। ग्वालियर से 15 जून को और 16 जून को उज्जैन से हवाई यात्रा की शुरुआत होगी। हवाई सेवा के लिए 6 पैसेंजर सीट वाले दो एयरक्राफ्ट का संचालन किया जाएगा। इच्छुक पर्यटक https://flyola.in पर ऑफर शेड्यूल और किराए संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। बुकिंग के लिए इंदौर, भोपाल और जबलपुर के एयरपोर्ट पर बुकिंग काउंटर स्थापित किया जा रहे हैं।

मौसम

प्रदेष में मानसून पूर्व की वर्षा का दौर जारी है। मौसम विभाग ने कल के लिए नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, छिन्दवाड़ा, पार्ढुना, सिवनी, मंडला और बालाघाट जिलों के लिए बारिष का आरेंज अलर्ट जारी किया है। इसके साथ ही भोपाल इन्दौर सागर सहित 21 जिलों के लिए हल्की वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया गया है। वहीं सिंगरौली, सीधी, रीवा, मउगंज, सतना और मैहर जिलों में लू का असर रहेगा। इस बीच प्रदेष में कल इन्दौर, नर्मदापुरम और इन्दौर संभागों के कुछ स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। उधर दक्षिण पष्चिम मानूसन महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में आगे बढ़ गया है।

मलेरिया माह

देवास जिले में कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने आज मलेरिया रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इसी के साथ जिले में मलेरिया माह–जून–2024 के विभिन्न कार्यक्रमों की औपचारिक शुरूआत हुई। इसके अंतर्गत शिक्षण संस्थाओं में भाषण व पोस्टर मेकिंग

प्रतियोगिता, गांव चैपालों में नुक्कड़ नाटक और नौटंकी की प्रस्तुति होगी। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा गांव–गांव में नारे लेखन किया जावेगा। कलेक्टर ने बताया कि मलेरिया रथ संपूर्ण देवास शहर और समस्त छः विकास खण्डों में भ्रमण करके वाहक जनित रोगों मलेरिया, डेंगू, चिकुनगुनिया आदि के संबंध में जनजागरूकता के साथ ही बुखार के रोगी की पहचान कर किट के माध्यम से मलेरिया की जांच भी करेंगे।

आयुष्मान भारत

आयुष्मान भारत निरामय योजना में सरकार द्वारा समय–समय पर उन्नत उपचार और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए अद्यतन किया जाता है। हेल्थ बेनिफिट पैकेज–2022 में प्रदेश लिए कई नवीन उच्च स्तरीय प्रक्रियाओं और दवाओं को शामिल किया गया है।

समाचार संक्षेप में .....

- टी–20 विष्वकप क्रिकेट में अब से कुछ देर बाद भारत और अमेरीका के बीच न्यूयार्क में मुकाबला शुरू होगा।
- धार में 18 जून को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा।
- शहडोल नगर में जलापूर्ति के लिए 17.76 करोड़ की लागत से अमृत 2.0 योजना के तहत पाइप लाइन विस्तार सहित आचार संहिता की वजह से रुके करीब 20 करोड़ की लागत वाले विकास कार्यो को जल्द पूरा करने पर जोर दिया जा रहा है।
- आगरमालवा जिले में 16 जून से 15 अगस्त तक मछली का शिकार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा।
- बैतूल में कलेक्टर ने पर्याप्त सुरक्षा न होने एवं अनियमितताओं के दृष्टिगत जिले में 47 विस्फोटक लाइसेंस धारी के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं।

नमस्कार।

----------------